एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

साथ नजर आएगी आमिर अली और संजीदा शेख की स्टार जोड़ी

'बस एक बार' और उसके सीक्वेल 'अजबनी' गानों के कई वीडियो में साथ काम करने के बाद स्टार जोड़ी आमिर अली और संजीदा शेख एक बार फिर गायक सोहन नायक के नवीनतम गाने 'तुम आओगे' के वीडियो में साथ नजर आएंगे। यह सीरीज के आखिरी संस्करण का एक रोमांटिक गाना है, जिसे कुणाल वर्मा ने लिखा और अनुराग सैकिया ने कंपोज किया है। आमिर ने एक बयान में कहा, ''हम सब अंतिम गाने के बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मेरे लिए पत्नी संजीदा के शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव था। अब यह एक शानदार संगीत श्रृंखला बन गया है।'' उन्होंने कहा, ''आखिरकार, हम 'बस एक बार' के तीसरे संस्करण के लिए आ रहे हैं, जिससे 'तुम आओगे' नाम दिया गया है। आमिर और मैं एक बार फिर हर किसी की प्रतिक्रिया देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।'' यह म्यूजिक वीडियो टाइम्स म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगा तथा इसका ऑडियो गाना ऑरिजिनल सीजन 2 में सुना जा सकेगा। नायक ने कहा, ''मैं तीसरे और अंतिम संस्करण को रिकार्ड करने के बाद बेहद अच्छा महसूस कर रहा हूं। हमेशा की तरह गाने के बोल बेहद अर्थपूर्ण और शक्तिशाली हैं।''

अभिनय और पढ़ाई के बीच तालमेल बना रहीं महिमा मकवाना

टेलीविजन धारावाहिक मरियम खान रिपोर्टिंग लाइव की अभिनेत्री महिमा मकवाना शूटिंग और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही हैं। धारावाहिक में मरियम की मुख्य भूमिका निभा रहीं 19 वर्षीया महिमा मास मीडिया में स्नातक कर रही हैं। एक समय में दोनों के बीच संतुलन बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जितना मुझे अभिनय प्यारा है उतना ही अपने कोर्स से भी और मैं खुश हूं कि मैं दोनों कर रही हूं। मरियम खान रिपोर्टिंग लाइव का प्रसारण टेलीविजन चैनल स्टार प्लस पर होता है।

साईं तम्हंकर ने पहली बार एक्शन सीक्वेंस किया

अभिनेत्री साईं तम्हंकर आगामी धारावाहिक डेट विद साई में स्टंट करते नजर आएंगी। उनका कहना है कि इसकी शूटिंग करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ रोमांचक भी रहा। ग्यानेश जोटिंग द्वारा निर्देशित धारावाहिक में दर्शक साई को बालकनी से कूदते और एक चलती ट्रेन पर लड़ते देखेंगे।

साई ने कहा, मेरे लिए पटकथा बेहद दिलचस्प है और मैं चाहती हूं कि एक्शन सीक्वेंस के लिए खुद तैयार हो जाऊं। निश्चित तौर पर यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे लिए रोमांचक भी है। उन्होंने कहा, ग्यानेश हों या हमारे एक्शन डायरेक्टर सलाम, मैंने टीम पर पूरी तरह भरोसा किया। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्साहित हूं। डेट विद साई 5 दिसंबर को टेलीविजन चैनल जी 5 पर दिखाई देगी।

निर्देशन ने कहा, जब साई को कहानी सुनाई तो हमने उससे कहा कि हमारे पास बॉडी डबल की व्यवस्था है, लेकिन वो खुद स्टंट करना चाहती थी। सभी एक्शन सीक्वेंस सफल रहे और हम उनके समर्पण से चकित हैं।

आयुष्मान के साथ जोड़ी जमायेगी नुसरत भरूचा

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा सिल्वर स्क्रीन पर आयुष्मान खुराना के साथ जोड़ी जमाने जा रही है। सोनू के टीटू की स्वीटी फेम नुसरत भरूचा फिल्म गुगली में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने जा रही है। नुसरत ने कहा, वह जल्द आयुष्मान के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि यह साल फिल्मों के लिए काफी अच्छा रहा है। इस साल की उनकी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी काफी हिट रही थी। इस साल कंटेंट बेस्ड फिल्में काफी सक्सेस रही हैं।

आयुष्मान की फिल्म अंधाधुन और बधाई हो ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है और आयुष्मान की एक्टिंग को भी काफी सराहा गया है। फिल्म गुगली राज शांडिल्य निर्देशित होगी। वह इस फिल्म से निर्देशन में डेब्यू करेंगे। गुगली दिसंबर के पहले सप्ताह में फ्लोर पर जा सकती है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

अभिषेक कपूर की अपील, फिल्म केदारनाथ से बैन हटाए उत्तराखंड सरकार

फिल्मकार अभिषेक कपूर ने उत्तराखंड सरकार से अपनी फिल्म ''केदारनाथ'' पर लगा प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया है। हिंदू संगठनों के विरोध के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट ने उत्तराखंड के सात जिले में सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान अभिनीत ''केदारनाथ'' पर प्रतिबंध लगा दिया था। कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से राज्य में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति देने का अनुरोध किया है। निर्देशक कपूर ने ट्वीट किया, ''मैं उत्तराखंड सरकार से आग्रह करता हूं कि मेरी फिल्म केदारनाथ से प्रतिबंध खत्म करें। यह देश के लोगों के बीच शांति और सद्भाव लाने की हमारी एक कोशिश है। इस मौके से हमें वंचित न करें।'' अदाकारा सारा अली खान ने पीटीआई को एक साक्षात्कार में कहा कि वह प्रतिबंध से निराश हैं क्योंकि फिल्म का विचार लोगों को बांटने का नहीं, एकजुट करने का है।

अदाकारा ने कहा, ''फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड में की गयी और वहां पर इसके लिए 4० दिन रहे भी। वहां के बारे में बेहतरीन यादें हैं। यह बेहद निराशाजनक है कि उन्होंने हमें इतना कुछ दिया लेकिन हम उन्हें कुछ नहीं दे पा रहे। बस इस बात का अफसोस है।'' उन्होंने कहा, ''फिल्म बांटने के बारे में नहीं, साथ आने के लिए कहती है। मुझे नहीं पता कि लोग क्यों आहत महसूस कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने फिल्म देखी है।''